No. of Printed Pages : 8 ER20-22T

Roll No. ..................

## 2nd Year / Pharmacy

## Subject : Community Pharmacy & Management

Time : 3 Hrs. M.M. : 80

### SECTION-A

**Note:** Multiple choice questions. All questions are compulsory (20x1=20)

Q.1 What does the term "medication adherence" refer to?
- a) Taking multiple medications
- b) Following prescription directions
- c) Avoiding side effects
- d) Switching brands frequently

Q.2 What does LASA stand for pharmacy practice?
- a) Look-Alike Sound-Alike
- b) Least Active Sterile Agent
- c) Local Alert Safety Access
- d) Line Against Storage Alerts

Q.3 What is the main goal of patient counseling?
- a) To promote brands
- b) To confuse patients
- c) To improve adherence and safety
- d) To advertise

Q.4 Which one represents a barrier to effective patient communication?
- a) Active listening
- b) Clarity
- c) Empathy
- d) Jargon

Q.5 The pharmacist notices increased sale of iron supplements. Which health service can be planned?
- a) Weight check
- b) Dental screening
- c) Anaemia camp
- d) Cancer test

Q.6 You are tasked with designing a patient counselling tool for illiterate patients. What should be prioritized?
- a) Complex language
- b) Audio/ Visual pictograms
- c) Brand logos
- d) Dosage charts only

Q.7 A pharmacist receives conflicting prescriptions from two doctors. What is the best decision?
a) Follow the older one b) Dispense both
c) Contact both prescribers d) Ask patient to choose

Q.8 A new pharmacy wants to build public trust quickly. What is the best strategic focus area?
a) Ethical personalized care b) Price wars
c) Celebrity endorsements d) No follow-up policy

Q.9 What is the first step in medication counselling for asthma?
a) Ask about allergies b) Demonstrate inhaler
c) Recommend OTCs d) Check patient's BP

Q.10 Why should patients be educated on possible side effects of medications?
a) Create fear b) Promote brands
c) Ensure awareness & safety
d) Reduce sales

Q.11 What is the key role of community pharmacist in disaster management?
a) Selling masks b) Stockpiling drugs
c) doing health camps
d) Ensuring continuity of therapy

Q.12 Why should pharmacist explain dosage schedule to elderly patients carefully?
a) Legal duty b) They forget easity
c) To market brands d) No reason

Q.13 In a rural area, how can community pharmacist promote vaccination awareness?
a) Wait for patients b) Display vaccine price
c) Conduct outreach programs
d) Sell related drugs

Q.14 During counselling, which indicator confirms that patient has understood instructions?
a) Smiling b) Asking questions
c) Leaving early d) Nodding only

Q.15 Community pharmacist organizes a health fair. What is its broader role?

a) Public health advocacy b) Brand promotion

c) Hospital tie-up d) Student training

Q.16 A pharmacy wants to start online counselling. Which regulation must be followed?

a) Food Law b) D & C Act

c) MCI Rules

d) IT Act & PCI Guidelines

Q.17 A diabetic patient asks for herbal remedies. What should the pharmacist do first?

a) Recommend a brand b) Explain risks

c) Ignore the query d) Refer to doctor

Q.18 A pharmacy staff sells prescription drugs without proper verification. This violates which concept?

a) Ethics & SOP b) Inventory control

c) Communication d) Procurement rules

Q.19 A prescription error occurs due to similar drug names. How should the pharmacist address this?

a) Use LASA alert stickers b) Blame doctor

c) Send wrong medicine carefully

d) Ignore

Q.20 What is the possible consequence of ignoring inventory stock rotation?

a) Increase sales

b) Expired drugs dispensed

c) Faster service d) Improved packaging

## SECTION-B

**Note:** Short answer type questions. Attempt any ten questions out of eleven questions. (10x3=30)

Q.21 What are the essential documents required to open a retail pharmacy store?

Q.22 Describe the contents of a standard prescription.

Q.23 Differentiate between adherence and compliance with suitable examples.

Q.24 What is a dispensing error? List two ways to prevent it.

Q.25 Define LASA drugs and explain their significance.

Q.26 Define inventory. Name two techniques used in pharmacy inventory control.

Q.27 List three key elements of a standard counselling session.

Q.28 What role does a pharmacist play in pharmacovigilance at the community level?

Q.29 What is self-medication? Mention two risks associated with it.

Q.30 What are the pharmacist's responsibilities in ensuring rational drug use?

Q.31 How would you handle a situation where a patient insists on a non-recommended drug?

## SECTION-C

**Note:** Long answer type questions. Attempt any six questions out of seven questions. (6x5=30)

Q.32 Develop a communication plan for counselling an elderly patient with multiple comorbidities.

Q.33 Outline the procedures to handle dispensing errors in a community pharmacy.

Q.34 Explain how CRM (Customer Relationship Management) can enhance pharmacy service delivery.

Q.35 Discuss the significance of EOQ and ABC analysis in pharmacy inventory management.

Q.36 Design a step-wise SOP for the safe storage of temperature sensitive medicines.

Q.37 What strategies can be adopted to overcome barriers to medication adherence in patients with mental illness?

Q.38 Analyze the role of community pharmacist in bridging the gap between healthcare access and affordability.

No. of Printed Pages : 8 ER20-22T
Roll No. ..................

## 2nd Year / Pharmacy
## Subject : Community Pharmacy & Management

Time : 3 Hrs. M.M. : 80

### भाग - क

**नोटः**- बहु विकल्पीय प्रश्न। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (20x1=20)

प्र.1 "औषधि पालन" शब्द का क्या अर्थ है?
क) कई दवाएँ लेना
ख) पर्चे के निर्देशों का पालन करना
ग) दुष्प्रभावों से बचना घ) बार-बार ब्रांड बदलना

प्र.2 फार्मेसी प्रैक्टिस में LASA का क्या अर्थ है?
क) Look&Alike Sound&Alike
ख) Least Active Sterile Agent
ग) Local Alert Safety Access
घ) Line Against Storage Alerts

प्र.3 रोगी परामर्श का मुख्य उद्देश्य क्या है?
क) ब्रांड को बढ़ावा देना ख) रोगी को भ्रमित करना
ग) दवा पालन और सुरक्षा में सुधार करना
घ) विज्ञापन करना

प्र.4 प्रभावी रोगी संचार में बाधा कौन-सी है?
क) सक्रिय सुनना ख) स्पष्टता
ग) सहानुभूति घ) तकनीकी शब्दावली

प्र.5 फार्मासिस्ट को आयरन सप्लीमेंट की बिक्री में वृद्धि दिखाई देती है। कौन-सी स्वास्थ्य सेवा आयोजित की जा सकती है?
क) वजन जांच ख) दंत परीक्षण
ग) एनीमिया शिविर घ) कैंसर जांच

प्र.6 अशिक्षित रोगियों के लिए परामर्श उपकरण डिजाइन करते समय प्राथमिकता क्या होनी चाहिए?
क) जटिल भाषा ख) ऑडियो/विजुअल चित्र संकेत
ग) ब्रांड लोगो घ) केवल खुराक चार्ट

प्र.7 एक फार्मासिस्ट को दो डॉक्टरों से परस्पर विरोधी पर्चे मिलते हैं। सर्वोत्तम निर्णय क्या होगा?
क) पुराने पर्चे को मानना ख) दोनों दवाएँ देना
ग) दोनों डॉक्टरों से संपर्क करना
घ) रोगी से चुनने को कहना

प्र.8 एक नई फार्मेसी जल्दी से जनता का विश्वास अर्जित करना चाहती है। सर्वोत्तम रणनीतिक क्षेत्र कौन-सा होगा?
क) नैतिक और व्यक्तिगत देखभाल
ख) मूल्य प्रतिस्पर्धा
ग) सेलिब्रिटी प्रचार घ) बिना फॉलो-अप नीति

प्र.9 अस्थमा के लिए औषधि परामर्श का पहला कदम क्या है?
क) एलर्जी के बारे में पूछना ख) इन्हेलर का प्रदर्शन करना
ग) OTC दवा सुझाना घ) रोगी का रक्तचाप जांचना

प्र.10 रोगियों को संभावित दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना क्यों आवश्यक है?
क) भय उत्पन्न करना ख) ब्रांड को बढ़ावा देना
ग) जागरूकता और सुरक्षा सुनिश्चित करना
घ) बिक्री कम करना

प्र.11 आपदा प्रबंधन में सामुदायिक फार्मासिस्ट की प्रमुख भूमिका क्या है?
क) मास्क बेचना ख) दवाओं का संग्रह करना
ग) स्वास्थ्य शिविर लगाना
घ) उपचार की निरंतरता सुनिश्चित करना

प्र.12 वृद्ध रोगियों को खुराक अनुसूची सावधानीपूर्वक समझाना क्यों आवश्यक है?
क) कानूनी कर्तव्य ख) क्योंकि वे जल्दी भूल जाते हैं
ग) ब्रांड प्रचार के लिए घ) कोई कारण नहीं

प्र.13 ग्रामीण क्षेत्र में सामुदायिक फार्मासिस्ट टीकाकरण जागरूकता कैसे बढ़ा सकता है?
क) रोगियों का इंतजार करना
ख) टीके की कीमत प्रदर्शित करना
ग) जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना
घ) संबंधित दवाएँ बेचना

प्र.14 परामर्श के दौरान कौन–सा संकेत दर्शाता है कि रोगी ने निर्देश समझ लिए हैं?

क) मुस्कुराना | ख) प्रश्न पूछना
ग) जल्दी जाना | घ) केवल सिर हिलाना

प्र.15 सामुदायिक फार्मासिस्ट स्वास्थ्य मेला आयोजित करता है। इसका व्यापक उद्देश्य क्या है?

क) जन स्वास्थ्य संवर्धन | ख) ब्रांड प्रचार
ग) अस्पताल से समझौता | घ) छात्र प्रशिक्षण

प्र.16 एक फार्मेसी ऑनलाइन परामर्श शुरू करना चाहती है। किन नियमों का पालन आवश्यक है?

क) खाद्य अधिनियम
ख) औषधि और प्रसाधन अधिनियम (D & C Act)
ग) मेडिकल काउंसिल नियम (MCI Rules)
घ) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और PCI दिशानिर्देश

प्र.17 मधुमेह रोगी हर्बल उपचार के बारे में पूछता है। फार्मासिस्ट को सबसे पहले क्या करना चाहिए?

क) एक ब्रांड सुझाना | ख) जोखिम समझाना
ग) प्रश्न को अनदेखा करना | घ) डॉक्टर को संदर्भित करना

प्र.18 फार्मेसी कर्मचारी बिना जाँच किए प्रिस्क्रिप्शन दवाएँ बेचता है। यह किस सिद्धांत का उल्लंघन है?

क) नैतिकता और SOP | ख) भंडार नियंत्रण
ग) संचार | घ) खरीद नियम

प्र.19 समान नाम वाली दवाओं के कारण पर्ची में गलती होती है। फार्मासिस्ट को क्या करना चाहिए?

क) LASA चेतावनी स्टिकर लगाना
ख) डॉक्टर को दोष देना
ग) गलत दवा ध्यान से भेजना
घ) अनदेखा करना

प्र.20 यदि स्टॉक रोटेशन की अनदेखी की जाए तो क्या परिणाम हो सकता है?

क) बिक्री में वृद्धि
ख) एक्सपायर दवाएँ वितरित होना
ग) तेज सेवा | घ) बेहतर पैकेजिंग

**भाग - ख**

**नोट:-** लघु उत्तरीय प्रश्न। 11 में से किन्हीं 10 प्रश्नों को हल कीजिए। (10x3=30)

प्र.21 खुदरा फार्मेसी स्टोर खोलने के लिए आवश्यक प्रमुख दस्तावेज कौन–से हैं?

प्र.22 एक मानक पर्ची के घटकों का वर्णन कीजिए।

प्र.23 अनुपालन और पालन में अंतर स्पष्ट कीजिए, उदाहरण सहित।

प्र.24 वितरण त्रुटि क्या है? इसे रोकने के दो तरीके बताइए।

प्र.25 LASA दवाओं को परिभाषित कीजिए और उनका महत्व समझाइए।

प्र.26 इन्वेंटरी क्या है? फार्मेसी में उपयोग की जाने वाली दो नियंत्रण तकनीकें बताइए।

प्र.27 एक मानक परामर्श सत्र के तीन प्रमुख तत्व लिखिए।

प्र.28 सामुदायिक स्तर पर फार्माकोविजिलेंस में फार्मासिस्ट की भूमिका क्या है?

प्र.29 स्व–चिकित्सा क्या है? इसके दो जोखिम लिखिए।

प्र.30 तर्कसंगत औषधि उपयोग सुनिश्चित करने में फार्मासिस्ट की जिम्मेदारियाँ क्या हैं?

प्र.31 यदि कोई रोगी अनुशंसित नहीं की गई दवा पर जोर देता है, तो आप कैसे स्थिति संभालेंगे?

**भाग -ग**

**नोट:-** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। सात में से किन्हीं छः प्रश्नों को हल कीजिए। (6x5=30)

प्र.32 एक वृद्ध रोगी, जिसे कई बीमारियाँ हैं, के परामर्श हेतु संचार योजना तैयार कीजिए।

प्र.33 सामुदायिक फार्मेसी में वितरण त्रुटियों को संभालने की प्रक्रियाओं का विवरण दीजिए।

प्र.34 समझाइए कि ग्राहक संबंध प्रबंधन फार्मेसी सेवाओं की गुणवत्ता कैसे बढ़ा सकता है।

प्र.35 फार्मेसी इन्वेंटरी प्रबंधन में EOQ और ABC विश्लेषण के महत्व पर चर्चा कीजिए।

प्र.36 तापमान–संवेदनशील दवाओं के सुरक्षित भंडारण के लिए क्रमिक SOP तैयार कीजिए।

प्र.37 मानसिक रोगियों में औषधि पालन की बाधाओं को दूर करने की रणनीतियाँ सुझाइए।

प्र.38 स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच और वहनीयता के बीच अंतर को कम करने में सामुदायिक फार्मासिस्ट की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।